**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1292**
**09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

## कोविड के नए मामले

**1292. श्रीमती साजदा अहमद:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कोविड-19 के नए मामलों में वृद्धि और इससे मरने वालों की संख्या से संबंधित प्रतिक्रिया में सरकार की रणनीति और कार्य-योजना का ब्यौरा क्या है;
(ख) उन व्यक्तियों को लक्षित करते हुए चल रहे अथवा नियोजित टीकाकरण अभियानों का ब्यौरा क्या है जिन्हें प्रारंभ में छोड़ दिया गया था अथवा जिन्हें पूर्ण टीकाकरण कवरेज के लिए अतिरिक्त खुराक की आवश्यकता थी;
(ग) क्या सरकार ने नए कोविड-19 के प्रबंधन के संबंध में राज्य सरकारों को सलाह जारी की है जिसमें जन स्वास्थ्य और सुरक्षा पर इसके प्रभाव को कम करने के लिए किए जाने वाले उपाय शामिल हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) ताजा कोविड-19 के प्रबंधन में प्रभावी और समन्वित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य पेशेवरों, संगठनों और सामुदायिक नेताओं के साथ सहयोग करने के लिए सरकार द्वारा किये गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) देश भर में हाल ही में सामने आए कोविड के मामले और उससे हुई मृत्यु, यदि कोई है तो, का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (प्रो. एस.पी.सिंह बघेल)**

(क) से (ङ): कोविड-19 वायरस के उभरते वैरिएंटों तथा इनके फैलने की अलग-अलग संभावनाओं तथा इनके संभावित स्वास्थ्य निहितार्थों को देखते हुए, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय विभिन्न विशेषज्ञ समितियों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर और वैश्विक स्तर पर कोविड-19 की ट्रैजेक्टरी पर नज़र रखे हुए है। कुल मिलाकर, देश में कोविड-19 मामलों की ट्रैजेक्टरी में नवंबर, 2023 के अंतिम सप्ताह में थोड़ी वृद्धि देखी गई, जो दिसंबर, 2023 के अंत में उच्चतम थी और वर्तमान में गिरावट देखी जा है। दिनांक 6 फरवरी, 2024 की स्थिति के अनुसार, जैसा कि राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा बताया गया है कि देश में कोविड-19 के कुल 1,508 सक्रिय मामले हैं, जिनमें से लगभग 86% हल्के लक्षण वाले और होम आईसोलेशन के तहत बताए गए हैं।

रोग निगरानी को सुदृढ़ करने और कोविड-19 और इसके वैरिएंट सहित रोग प्रवृत्तियों की निगरानी करने के लिए, भारत सरकार ने एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) को सुदृढ़ किया है, जो प्रकोपकारी रोगों की निगरानी करता है और अपेक्षित सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय भी करता है। इसी प्रकार,

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने रोगजनकों की समय पर प्रयोगशाला आधारित पुष्टि के लिए 150 से अधिक वायरस अनुसंधान और नैदानिक प्रयोगशालाओं (वीआरडीएल) का एक नेटवर्क स्थापित किया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से महामारी जैसी जन स्वास्थ्य आपात स्थिति से निपटने हेतु स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

इसके अतिरिक्त, सार्स-सीओवी-2 वायरस के नए उत्परिवर्ती रूपों का समय पर पता लगाने के लिए देश में भारतीय सार्स-सीओवी-2 जीनोम सीक्वेंसिंग (आईएनएसएसीओजी) नेटवर्क द्वारा सार्स-सीओवी-2 का संपूर्ण जीनोमिक सीक्वेंसिंग की जाती है।

राष्ट्रीय कोविड-19 टीकाकरण कार्यक्रम जारी है और राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने आवश्यकता के आधार पर टीकों की उपलब्धता सुनिश्चित की है। दिनांक 6 फरवरी, 2024 की स्थिति के अनुसार, देश भर में 220.67 करोड़ से अधिक कोविड-19 वैक्सीन खुराकें दी जा चुकी हैं, जिसके परिणामस्वरूप 12 वर्ष या अधिक आयु की 97% से अधिक आबादी को कम-से-कम एक खुराक, जबकि 90% से अधिक आबादी को कोविड-19 वैक्सीन की दोनों खुराकें दी गई हैं। इसके अतिरिक्त, 18 वर्ष या अधिक आयु के पात्र लाभार्थियों को 22.88 करोड़ से अधिक एहतियाती खुराकें भी दी गई हैं।

माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने 12 दिसंबर, 2023 को सभी राज्यों के माननीय स्वास्थ्य मंत्रियों को पत्र लिखकर कोविड-19 के कारण किसी भी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों के परिचालन और स्वास्थ्य परिचर्या कार्यबल की तत्परता सुनिश्चित करते हुए निरंतर निगरानी बनाए रखने में उनका सहयोग मांगा है। माननीय केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ आयोजित एक समीक्षा बैठक में सभी राज्यों से तथ्यात्मक रूप से सही जानकारी का प्रसार सुनिश्चित करने और सूचना का प्रबंधन करने तथा जन समुदाय में किसी भी भयावह स्थिति को कम करने के लिए फर्जी खबरों का विरोध करने का आग्रह किया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने औपचारिक पत्राचार के साथ-साथ वचुर्अल बैठकों की श्रृंखला के माध्यम से सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सलाह दी है कि:

- मंत्रालय द्वारा जारी 'कोविड-19 के संदर्भ में संशोधित निगरानी कार्यनीति के लिए परिचालन दिशा-निर्देश' के अनुसार संपूर्ण देश में कोविड-19 की निगरानी बढ़ाएं।
- आरटी-पीसीआर आधारित कोविड-19 के परीक्षण में तेजी लाना सुनिश्चित करें।
- पर्याप्त संख्या में कोविड-19 के पॉजिटिव पाए गए नमूनों को संपूर्ण जीनोम सीक्वेंसिंग (डब्ल्यूजीएस) के लिए भारतीय सार्स-सीओवी-2 जीनोमिक्स कंसोर्टियम (आईएनएसएसीओजी) नेटवर्क प्रयोगशालाओं के पास भेजें ताकि वायरस के नए वेरिएंट का समय पर पता लगाया जा सके।
- कोविड-19 मामलों की बढती घटनाओं, लक्षणों और मामले की गंभीरता की निगरानी करने के साथ-साथ अस्पतालों के बेड, वेंटिलेटर, आईसीयू, मेडिकल ऑक्सीजन, औषधियों, प्रशिक्षित मानव संसाधन आदि की उपलब्धता सहित उपलब्ध स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे की निगरानी ताकि कोविड-19 मामलों का यथासमय और उचित उपचार किया जा सके।

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिपोर्ट किए गए कोविड-19 के मामले और मृत्यु की घटनाओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार (1 अगस्त, 2023 - 5 फरवरी, 2024 की अवधि के लिए) विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

**अनुलग्नक**

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिपोर्ट किए गए कोविड-19 के मामले और मृत्यु राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार (1 अगस्त, 2023 - 5 फरवरी, 2024 की अवधि के लिए) विवरण

| **क्र.सं.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **मामले** | **मौतें** |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 0 | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 363 | 0 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 |
| 4 | असम | 66 | 1 |
| 5 | बिहार | 115 | 1 |
| 6 | चंडीगढ़ | 16 | 0 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 469 | 4 |
| 8 | दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव | 0 | 0 |
| 9 | दिल्ली | 603 | 5 |
| 10 | गोवा | 253 | 0 |
| 11 | गुजरात | 564 | 5 |
| 12 | हरियाणा | 182 | 25* |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 108 | 5 |
| 14 | जम्मू एवं कश्मीर (संघ राज्य क्षेत्र) | 93 | 1 |
| 15 | झारखंड | 34 | 3 |
| 16 | कर्नाटक | 6700 | 39 |
| 17 | केरल | 10411 | 156* |
| 18 | लद्दाख | 33 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 0 | 0 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 307 | 0 |
| 21 | महाराष्ट्र | 5184 | 29 |
| 22 | मणिपुर | 5 | 0 |
| 23 | मेघालय | 26 | 0 |
| 24 | मिजोरम | 9 | 0 |
| 25 | नागालैंड | 1 | 0 |
| 26 | ओडिशा | 214 | 0 |
| 27 | पुदुचेरी | 131 | 1 |
| 28 | पंजाब | 87 | 1,234* |
| 29 | राजस्थान | 194 | 1 |
| 30 | सिक्किम | 59 | 1 |
| 31 | तमिलनाडु | 911 | 5 |
| 32 | तेलंगाना | 357 | 0 |
| 33 | त्रिपुरा | 133 | 2 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 190 | 13 |
| 35 | उत्तराखंड | 37 | 0 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 1549 | 6 |

*हरियाणा (23), केरल (93) और पंजाब (1,230) द्वारा रिपोर्ट की गई (पुरानी) कोविड-19 मृत्यु भी शामिल हैं।

******